Roll No.
रोल नं.

**Series RLH**

Code No. **32/3**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 9 printed pages + 3 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 30 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 + 3 मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 30 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i)* *There are **30** questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1 to 10** are **1**-mark questions. Answer of these questions may be from **one word** to **one sentence**.*

*(iv)* *Questions from serial number **11** to **18** are **3**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **19** to **28** are **4**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *Questions number 29 and 30 are map questions. Attach the maps inside your answer book.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11** से **18** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **19** से **28** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र से संबंधित प्रश्न हैं । दिए गए मानचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए ।*

1. Which agency works for our safety at the State level during disasters ? 1
आपदाओं के समय कौनसी एजेन्सी हमारी सुरक्षा के लिए राज्य स्तर पर कार्य करती है ?

2. Which is the largest sugarcane producing state of India ? 1

भारत में गन्ने का सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौनसा है ?

3. According to the World Bank, classify the countries of the world into two groups on the basis of per capita annual income. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

विश्व बैंक के अनुसार प्रति व्यक्ति वार्षिक आय के आधार पर विश्व के देशों को दो वर्गों में बाँटिए ।

4. Define the term 'Feminist'. 1

'नारीवादी' शब्द की परिभाषा दीजिए ।

5. What is the meaning of 'patriarchal' society ? 1

'पितृतंत्रात्मक' समाज का क्या अर्थ है ?

6. Classify manufacturing industries into two groups on the basis of source of raw materials used. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

प्रयुक्त कच्चे माल के स्रोत के आधार पर विनिर्माण उद्योगों को दो वर्गों में वर्गीकृत कीजिए ।

7. How can democratic reforms be carried out ? 1

लोकतांत्रिक सुधारों को किस प्रकार लागू किया जा सकता है ?

8. Define the term 'dam'. 1

'बाँध' शब्द की परिभाषा दीजिए ।

9. What was the notion of Swaraj for plantation workers in Assam ? 1

असम में बाग़ानी मजदूरों के लिए स्वराज की अवधारणा क्या थी ?

10. What is the main aim of Nehru Yuva Kendra ? 1

नेहरू युवा केन्द्र का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

11. Read the passage given below and answer the questions that follow : 1+2=3

'We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We believe also that if any government deprives a people of these rights and oppresses them, the people have a further right to alter it or to abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but has based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally, and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence.'

(11.1) When was this pledge to be taken ?

(11.2) Explain the rights of the Indian people which they should have got.

नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें । हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है, तो

जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है । भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है । इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए ।'

(11.1) यह शपथ कब ली जानी थी ?

(11.2) भारतवासियों के उन अधिकारों की व्याख्या कीजिए जो उन्हें मिलने चाहिए थे ।

***Note :*** *Below are given three groups — A, B and C for questions number 12 and 13. Select any* ***one*** *group for answering these two questions.*

**नोट :** *प्रश्न संख्या 12 और 13 के लिए नीचे क, ख और ग तीन समूह दिए गए हैं । इन दोनों प्रश्नों के उत्तर के लिए किसी* ***एक*** *समूह को ही चुनिए ।*

## GROUP A
## समूह क

**12.** Explain the three types of flows within the international economic exchanges during 1815 – 1914. 3×1=3

1815 – 1914 के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय में तीन प्रकार के प्रवाहों को स्पष्ट कीजिए ।

**13.** How had a series of inventions in the eighteenth century increased the efficiency of each step of the production process in cotton textile industry ? Explain. 3

अठारहवीं सदी में नए आविष्कारों की शृंखला ने सूती वस्त्र उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में कुशलता को किस प्रकार बढ़ाया ? स्पष्ट कीजिए ।

## GROUP B
## समूह ख

**12.** Who were the jobbers ? Explain their functions. 1+2=3

जॉबर कौन थे ? उनके कार्यों को स्पष्ट कीजिए ।

**13.** Why is Mumbai (Bombay) known as the city of dreams ? Give three reasons. 3×1=3

मुम्बई (बम्बई) को सपनों का शहर क्यों कहा जाता है ? तीन कारण दीजिए ।

## GROUP C
## समूह ग


**12.** Define the term 'trade surplus'. How was the income received from trade surplus with India used by Britain ? 1+2=3

'व्यापार अधिशेष' शब्द की परिभाषा दीजिए । भारत के साथ व्यापार अधिशेष से प्राप्त आय का ब्रिटेन किस प्रकार उपयोग करता था ?

**13.** How is urban development directly related to the cost of ecology and environment ? Explain, giving examples of industrial cities of England in the nineteenth century. 3

नगरीय विकास सीधे-तौर पर पारिस्थितिकी और पर्यावरण की कीमत से किस प्रकार जुड़ा है ? उन्नीसवीं सदी के इंग्लैण्ड के औद्योगिक नगरों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिए ।


14. Study the map given below showing major seaports and international airports of India carefully and answer the questions that follow : $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$




(14.1) Name three states which have major seaports but do not have international airports as shown in the map given above.

(14.2) Write the names of the major seaports of these states.

नीचे दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए जिसमें भारत के मुख्य समुद्री पत्तन तथा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन दिखाए गए हैं और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(14.1) उन तीन राज्यों के नाम बताइए जिनमें मुख्य समुद्री पत्तन तो हैं, परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन नहीं हैं जैसा कि ऊपर दिए गए मानचित्र में दिखाया गया है ।

(14.2) इन राज्यों से सम्बन्धित मुख्य समुद्री पत्तनों के नाम लिखिए ।

**Note :** *The following question is for the* **Blind Candidates** *only in lieu of Q. No. 14.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** *के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर है ।*

(14.1) Name the northernmost and southernmost international airports of India.

(14.2) Name the easternmost and westernmost major seaports of India along with their states. 1+2=3

(14.1) भारत के सबसे उत्तरी तथा सबसे दक्षिणी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तनों के नाम लिखिए ।

(14.2) भारत के सबसे पूर्वी तथा सबसे पश्चिमी मुख्य समुद्री पत्तनों के नाम उनके राज्यों के साथ लिखिए ।

**15.** Analyse the functions of consumer protection councils. 3

उपभोक्ता सुरक्षा परिषदों के कार्यों का विश्लेषण कीजिए ।

**16.** Explain any three protection measures for the buildings in flood-prone areas. 3×1=3

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में इमारतों के संरक्षण के किन्हीं तीन उपायों की व्याख्या कीजिए ।

**17.** How does democracy stand much superior to any other form of government in promoting dignity and freedom of the individual ? Explain with suitable examples. $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

व्यक्ति की गरिमा और आज़ादी के प्रोत्साहन में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी अन्य शासन प्रणाली से किस प्रकार अधिक श्रेष्ठ है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

**18.** Give a brief description of the three degrees of burns. 3×1=3

जलन की तीन श्रेणियों का संक्षेप में विवरण दीजिए ।

**19.** How was the formation of the nation-state the result of a long-drawn-out process in Britain ? Explain. 4

**OR**

Explain the two different visions in opposing foreign domination in Vietnam. 2+2=4


ब्रिटेन में राष्ट्र-राज्य का निर्माण एक लम्बी प्रक्रिया का परिणाम किस प्रकार था ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

वियतनाम में विदेशी वर्चस्व के विरोध में उत्पन्न दो भिन्न विचारधाराओं की व्याख्या कीजिए ।

**20.** Study the diagram given below and answer the questions that follow : 1+1+2=4

**Sources of Credit for Rural Households in India in 2003**




(20.1) Which are the two major sources of credit for rural households in India ?

(20.2) Which one of them is the most dominant source of credit for rural households ?

(20.3) Why is it the most dominant source of credit ? Give two reasons.

नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और आरेख के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**वर्ष 2003 में भारत में ग्रामीण परिवारों के साख के स्रोत**




(20.1) भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए साख के दो प्रमुख स्रोत कौनसे हैं ?

(20.2) इनमें से ग्रामीण परिवारों के साख का सबसे प्रभावी स्रोत कौनसा है ?

(20.3) यह साख का सबसे प्रभावी स्रोत क्यों है ? दो कारण दीजिए ।

**Note :** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 20.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर है ।*

What are the two main groups of credit for rural households in India ? State two features of each. 2+2=4

भारत में ग्रामीण परिवारों के साख के लिए दो प्रमुख समूह कौनसे हैं ? प्रत्येक की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**21.** "Some people conclude that politics and social divisions should not be allowed to mix." Support this idea with two arguments. 2+2=4

"कुछ लोग यह निष्कर्ष निकालते हैं कि राजनीति और सामाजिक विभाजनों का मेल नहीं होना चाहिए ।" इस विचार की दो तर्कों की सहायता से पुष्टि कीजिए ।

**22.** Explain four points of distinction between conventional and non-conventional sources of energy. 4×1=4

परंपरागत और ग़ैर-परंपरागत ऊर्जा के स्रोतों में चार अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

**23.** Why is there a lack of internal democracy within the political parties in India ? Explain with examples. 4

भारत में राजनीतिक दलों के भीतर आन्तरिक लोकतंत्र की कमी क्यों है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

24. Classify resources on the basis of the status of development into four groups. Explain the main features of each group. 2+2=4

संसाधनों को विकास के स्तर के आधार पर चार वर्गों में बाँटिए । प्रत्येक वर्ग की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

25. On what type of principles is the Indian Union based ? Describe the threefold distribution of legislative powers between Union Government and the State Governments. 1+3=4

भारतीय संघ का गठन किन सिद्धान्तों पर हुआ है ? केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच तीन स्तरों पर बाँटे गए विधायी अधिकारों का वर्णन कीजिए ।

26. How were ideas and information written before the age of print in India ? How did the printing technique begin in India ? Explain. 2+2=4

**OR**

How did the colonial administrators find vernacular novels to be a valuable source of information on native life and customs ? Explain with examples. 4×1=4

मुद्रण युग से पहले भारत में सूचना और विचार कैसे लिखे जाते थे ? भारत में मुद्रण तकनीक का चलन किस प्रकार प्रारम्भ हुआ ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

औपनिवेशिक प्रशासकों को देशी उपन्यासों में देशी जीवन और रीतिरिवाजों से जुड़ी जानकारी का बहुमूल्य स्रोत किस प्रकार नज़र आया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

27. What is the meaning of 'Underemployment' ? In which economic sector are underemployment conditions more prevalent ? Why is it so ? Explain two reasons. 1+1+2=4

'अल्परोज़गार' से क्या अभिप्राय है ? किस आर्थिक क्षेत्रक के अन्तर्गत अल्परोज़गार की दशाएँ अधिक पाई जाती हैं ? ऐसा क्यों है ? दो कारण स्पष्ट कीजिए ।

28. Why is 'tax' on imports known as a trade barrier ? Why did Indian Government impose barriers to foreign trade and foreign investments after Independence ? Give three reasons. 1+3=4

आयात पर 'कर' को व्यापार अवरोधक के रूप में क्यों जाना जाता है ? स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेशों पर प्रतिबंध क्यों लगाया ? तीन कारण दीजिए ।

29. (i) On the given political outline map of **India** (on page 10), a place is shown by number 1, which was a famous large-scale industrial region on the eastern coast of the country in 1931. Identify and write the correct name of this place on the line drawn on the map. 1

(ii) On the same map of **India** (on page 10), shade and name the state where the Champaran movement of Indigo planters started. 1

(i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 10 पर) में संख्या 1 द्वारा उस स्थान को दिखाया गया है जो सन् 1931 में देश के पूर्वी तट पर एक प्रसिद्ध बड़े पैमाने का औद्योगिक क्षेत्र था । इस स्थान की पहचान कीजिए और उसका सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखा पर लिखिए ।

(ii) **भारत** के इसी मानचित्र (पृष्ठ 10 पर) में उस राज्य को छायांकित कीजिए और उसका नाम लिखिए जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने चम्पारन आंदोलन शुरू किया था ।

30. On the given political outline map of **India** (on page 11), are shown four geographical features A, B, C and D. Identify these features with the help of the map key and write their correct names on the line marked against each in the map. 4×1=4

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 12), locate and label the following features : 4×1=4

(i) Tehri Dam

(ii) Korba Thermal Power Plant

(iii) Coimbatore – Cotton Textile Industry

(iv) Pune – Software Technological Park

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में चार भौगोलिक लक्षण A, B, C और D दिखाए गए हैं । मानचित्र में दी गई कुंजी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में प्रत्येक के सामने दी गई रेखा पर उनके सही नाम लिखिए ।

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में निम्नलिखित लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) टेहरी बाँध

(ii) कोरबा ताप शक्ति संयंत्र

(iii) कोयम्बटूर – सूती वस्त्र उद्योग

(iv) पुणे – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

*Note :* *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 29 and 30.*

*नोट :* *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 और 30 के स्थान पर है ।*

(i) Name the important industrial centre of south India in 1931.

(ii) Name the state where Indigo planters movement was started.

(iii) In which state is Tehri Dam located ?

(iv) Name the state where Korba thermal power plant is located.

(v) Name the state where Coimbatore is located.

(vi) In which state is Pune located ? 6×1=6

(i) सन् 1931 में दक्षिण भारत के महत्त्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्र का नाम बताइए ।

(ii) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ से नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन शुरू हुआ था ।

(iii) टेहरी बाँध किस राज्य में स्थित है ?

(iv) उस राज्य का नाम बताइए जिसमें कोरबा ताप शक्ति संयंत्र स्थित है ।


(v) कोयम्बटूर किस राज्य में स्थित है ?

(vi) पुणे किस राज्य में स्थित है ?

For question no. 29 प्रश्न सं. 29 के लिए

## Outline Map of India (Political)


### भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



For question no. 30

प्रश्न सं. 30 के लिए

## Outline Map of India (Political)
## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



## Outline Map of India (Political)
## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

